# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२७**

| **कक्षा:-8** | **विषय: हिंदी व्याकरण** | **पाठ: अविकारी शब्द अभ्यास पत्रिका** |
|---|---|---|

## अविकारी शब्द (अव्यय) - अभ्यास-पत्रिका

### प्रश्न 1. अविकारी शब्द किसे कहते हैं?

परिभाषा लिखिए और दो उदाहरण दीजिए।

---

---

### प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में अविकारी शब्द पहचानकर रेखांकित कीजिए।

1. राम **और** श्याम बाजार गए।
2. वह **बहुत** तेज दौड़ता है।
3. मोहन **आज** स्कूल नहीं आया।
4. बच्चे मैदान **में** खेल रहे हैं।
5. तुम **क्यों** रो रहे हो?
6. वह धीरे-धीरे घर की ओर चला गया।
7. सीता **कल** दिल्ली जाएगी।
8. राम ने मेहनत की, **इसलिए** वह सफल हुआ।

### प्रश्न 3. उचित अव्यय चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

**(और, लेकिन, क्योंकि, आज, बहुत, वहाँ, क्यों, धीरे)**

1. राम _______ श्याम मित्र हैं।
2. वह _______ सुंदर चित्र बनाती है।
3. तुम _______ देर से आए?
4. मोहन बीमार था, _______ वह स्कूल नहीं गया।
5. _______ मौसम बहुत अच्छा है।

6. बच्चे _______ खेल रहे हैं।
7. वह जाना चाहता था, _______ समय नहीं था।
8. तुम _______ नहीं गए?

## प्रश्न 4. अविकारी शब्दों के भेद पहचानिए।

नीचे दिए शब्दों के सामने लिखिए–

**क्रियाविशेषण / संबंधबोधक / समुच्चयबोधक / विस्मयादिबोधक / निपात**

1. धीरे - ____________________
2. और - ____________________
3. के ऊपर - ____________________
4. अरे! - ____________________
5. ही - ____________________
6. बहुत - ____________________
7. लेकिन - ____________________
8. के पास - ____________________

## प्रश्न 5. सही विकल्प चुनिए।

1. 'राम **बहुत** तेज दौड़ता है।' यहाँ 'बहुत' है–
   (क) संज्ञा (ख) क्रियाविशेषण (ग) सर्वनाम
2. 'राम **और** श्याम आए।' यहाँ 'और' है–
   (क) समुच्चयबोधक (ख) संबंधबोधक (ग) विशेषण
3. '**अरे!** तुम यहाँ कैसे?' यहाँ 'अरे' है–
   (क) निपात (ख) विस्मयादिबोधक (ग) क्रियाविशेषण
4. 'किताब मेज **पर** रखी है।' यहाँ 'पर' है–
   (क) संबंधबोधक (ख) समुच्चयबोधक (ग) विशेषण

## प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय का भेद बताइए।

1. वह **कल** आएगा। - ____________________
2. राम **तथा** मोहन पढ़ रहे हैं। - ____________________
3. पुस्तक मेज **के नीचे** है। - ____________________
4. **वाह!** कितना सुंदर दृश्य है। - ____________________
5. वह **ही** प्रथम आया। - ____________________